भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या †1491

उत्तर देने की तारीख 09 फरवरी, 2026
20 माघ, 1947 (शक)

खेल अवसंरचना का विकास

†1491. श्री देवेश शाक्य:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के एटा, कासगंज और कन्नौज जिलों में खेल अवसंरचना विकास, खेलो इंडिया केन्द्रों, बहुउद्देशीय हॉलों, एथलेटिक ट्रैकों और प्रशिक्षण सुविधाओं के रूप में वर्ष-वार कौन-कौन से कार्य किए गए हैं,

(ख) उक्त जिलों में खेलो इंडिया के अंतर्गत चयनित खिलाड़ियों की संख्या का ब्यौरा क्या है और किन-किन खेल विधाओं में उन्हें प्रशिक्षण/ छात्रवृत्ति / कोचिंग सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं और अब तक क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं;

(ग) क्या वर्ष 2025-26 में एटा, कासगंज, मैनपुरी और कन्नौज जिलों में नए खेलो इंडिया केन्द्र, राज्य उत्कृष्टता केन्द्र या अतिरिक्त खेल परियोजनाएं प्रस्तावित हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का उक्त जिलों को क्षेत्रीय खेल विकास क्लस्टर के रूप में विकसित करने के लिए कोई विशेष कार्य योजना बनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के एटा, कासगंज और कन्नौज जिलों सहित देशभर में खेल अवसंरचना, खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई), खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियाँ (केआईए) तथा खेलो इंडिया एथलीट्स (केआईए) से संबंधित सभी विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ग) खेलो इंडिया स्कीम एक मांग-आधारित स्कीम है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों तथा अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता तथा स्कीम के अंतर्गत धनराशि की उपलब्धता के आधार पर वित्तीय सहायता हेतु विचार किया जाता है। उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में कम से कम एक खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) अधिसूचित किया गया है, जिससे स्कीम के प्रति जिले एक केंद्र के प्रावधान के अनुसार सभी जनपद शामिल हो गए हैं।

(घ) इस मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****